**खबर संक्षेप**

### रोजगार दिलाने कांग्रेस करेगी आंदोलन



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा है कि जिले मे काम करने वाली बड़ी कंपनियां जैसे रिलायंस, अल्ट्राटेक, ओरियन्ट पेपर मिल इनके अलावा भी कई अन्य कंपनियों के द्वारा स्थानीय युवाओं को नजर अंदाज करते हुए 80 प्रतिशत बाहरी लोगों को अपने यहां काम में रखा जाता है। जिसका जिला कांग्रेस पूर्ण विरोध करती है। श्री गुप्ता ने कहा कि यह कंपनियां जिले के प्रकृतिक संसाधनों का उपयोग करती हैं, इनके द्वारा जो भी कठिनाई होती है, उसका सामना जिले की जनता को करना पड़ता है, जैसे कि जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, रासायनिक गैस से उत्पन्न समस्या आदि, लेकिन जब रोजगार देने की बारी आती है तो, इनके द्वारा 80 प्रतिशत से ज्यादा बाहरी व्यक्तियों को रोजगार दिया जाता है, जिन कुछ स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया भी गया है तो, उन्हें भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा गया है, इसके साथ ही उनके वेतन मे भी काफी विसंगती है। जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस इनके संस्थानों के सामने व्यापक स्तर पर उग्र प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है, इन्हें अगर जिले में काम करना है तो, शहडोल जिले के स्थानीय युवाओं को रोजगार देना ही होगा।

### चौधरी दंपत्ति से लूट के 3 आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

**शहडोल ।** सोमवार को कोठिया के जंगल में दिनदहाड़े बाइक में सवार दम्पत्ति के साथ लूटपाट की घटना के साथ बेरहमी पूर्वक पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार कटनी जिला के बरही थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया से सुनील चौधरी पिता संतोष चौधरी 24 वर्ष अपनी पत्नी का इलाज करवाने छतैनी थाना ब्यौहारी आया था। इलाज करवाने के बाद दोपहर में दोनों दम्पति मोटर सायकल में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें प्यास लगी तो, ग्राम कोठिया के जंगल में मोटर सायकल रोककर महुआ वृक्ष की छांव में पानी पीने लगे। इसी दौरान चार आरोपी उनके पास आये, बातचीत करते-करते लूट पाट करने लगे। जिसका विरोध उन्होंने किया तो चारों आरोपियों ने पति-पत्नी दोनों को बेरहमी पूर्वक पीटना शुरु कर दिया। जिसका नजारा कई राहगीरों ने देखा, लेकिन कोई बचाव करने को नहीं रुका। मारपीट करने के बाद चारों आरोपियों ने महिला के पायल एवं मंगलसूत्र लूट लिये। वहीं सुनील चौधरी का मोबाइल और 4000 रुपये लूटकर भाग गये।

### विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस पर किया जाएगा कार्यक्रम का आयोजन

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि कलेक्टर तरूण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विश्व सिकल सेल दिवस का आयोजन जनप्रतिनिधियों एवं जनमानस की उपस्थिति में 19 जून को नगरपालिका शहडोल के मानस भवन में किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि कार्यक्रम के दौरान सिकल सेल की जांच एंव उपचार तथा मेडिकल बोर्ड के द्वारा प्रमाण पत्र भी बनाए जायेंगे।

### टीका और माला पहनाकर मनाया गया प्रवेश उत्सव



**बिरसिंहपुर।** ब्लाक अंतर्गत घुनघुटी, बकेली, चौरी, मालाचुआ, जमडी, आमिलिहा, बड़वाही, शाहपुर हाई सेकेंडरी वा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य पुस्तक भेंट कर और दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की, उन्होंने कहां मेरी भी पूरी शिक्षा सरकारी संस्थानों में हुई है, सरकारी विद्यालयों को सुविधा संपन्न बनाने की मेरी इच्छा और उत्कंठा है। हाल ही में प्रवेश उत्सव की पहले दिन मंगलवार को घुनघुटी गांव के सरपंच और जनपद सदस्य किसी एक शाला का सहभागिता कर रही है।

# शहर के बीच अस्तित्व खो रहे झूला पुल के तालाब

## मुड़ना मरणासन्न, जल-गंगा अभियान का पता नहीं







**प्राकृतिक जल स्त्रोतों और जलाशयों के पुनर्जीवन तथा संरक्षण के लिए कमिश्नर द्वारा लगभग 15 दिनों से चलाया जा रहा जल-गंगा संवर्धन अभियान अभी तक कहीं धरातल पर नजर नहीं आया है। संभाग मुख्यालय के नदी, नाले, तालाब सब पूर्ववत उपेक्षित पड़े दम तोड़ रहे हैं।**

शहडोल।

कमिश्नर के इस अभियान की घोषणा से उम्मीद जगी थी कि नगर के जीवनदायी नदी, तालाबों के दिन बदलेंगे, उनका सुधार होगा और उनका संरक्षण किया जाएगा। लेकिन कमिश्नर की घोषणा भी थोथी साबित हो रही है। ज्ञातव्य है कि बरसात का महीना लगभग शुरू हो चुका है, अगर अभियान अभी चालू नहीं हुआ तो बरसात में यह संभव नहीं हो सकेगा। झूला पुल के दोनो तालाब इतने दूषित हो चुके हैं कि उनसे सड़ांध उठने लगी है। मुडऩा नदी की ओर किसी की नजर नहीं पड़ रही है, नदी वर्षों से उपेक्षित पड़ी है और अब इसका अस्तित्व समाप्त हो रहा है। अगर नदी, तालाबों का सुधार नहीं हुआ तो जल गंगा संवर्धन अभियान का औचित्य क्या रह जाएगा यह समझ के परे है।

#### उपेक्षित पड़े झूला पुल के तालाब

झूला पुल के दोनो तालाबों का रखरखाव पिछले कई वर्षों से नहीं हुआ। इनके रखरखाव का भार नगरपालिका पर है। लेकिन नगरपालिका ने सिटी टैंक का निर्माण कराने के बाद उसकी सफाई कराने की जरूरत नहीं समझा। जबकि इनमें बस्तियों का गंदा पानी निरंतर बहाया जाता है। जिससे तालाब दूषित हो चुके हैं। इनमें काई और जलकुंभी जैसे पौधों की भरमार हो गई हैं। पानी इतना नीचे है कि ठीक से दिखाई भी नहीं पड़ता है। ज्ञातव्य है कि झूला पुल सिटी टैंक का निर्माण नगर के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से कराया गया था, इसमें गर्मी के दिनों में फव्वारे और वोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन देखभाल बिना सब ठप्प हो गया। आज यही सबसे अधिक कुरूप और मैले हो चुके हैं। बताया गया कि इनकी सफाई के नाम पर कई बार नगरपालिका ने निर्णय लिया और बजट भी प्रस्तावित किया गया, लेकिन कार्रवाई आज तक नहीं हो सकी।

#### मुडऩा नदी की सुध नहीं

जिले की एक मात्र नदी जिसे शहर मुडऩा नदी के नाम से जानता है वह अब उपेक्षा की मार झेलकर मृतप्राय हो चुकी है। कई जगह से उसकी धार टूट गई है, उसका रखरखाव होना तो दूर उसका लोगों ने जमकर दुरुपयोग किया और प्रशासन ने भी उपेक्षा बरती। लिहाजा नदी अब प्रदूषण का पोखर बनती जा रही है। यही नहीं ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद विचारपुर अल्ट्राटैक कोयला उत्खनन कंपनी कालरी का गंदा काला पानी भी नदी में बहा कर उसका पानी और भी प्रदूषित कर रही है। अब तो इसका पानी जानवरों के लिए भी पीने योग्य नहीं रह गया है। जबकि कभी कई गांवो के लोग इसके पानी का उपयोग पीने के लिए करते थे और कई गावों का निस्तार इस नदी से चलता था। यदि जल-गंगा अभियान मुडऩा को पुनर्जीवित कर पाता तो निश्चित ही यह अभियान की सबसे बड़ी सफलता होती है।

#### एक कुंआ भी नहीं सुधार पाए

जल-गंगा संवर्धन अभियान की सच्चाई नगरपालिका की एक करतूत ने उजागर कर दिया है। नगर की सब्जी मण्डी के अंदर वर्षों पुराना एक सार्वजनिक कुंआ है। जिसे साफ सफाई क राने और सुरक्षित करने की जगह नगरपालिका ने हरे रंग के कपड़े से ढांक दिया है। कुएं की सफाई और उसका पुनर्जीवन नगरपालिका की जिम्मेदारी थी लेकिन नगरपालिका ने कमिश्नर के आदेश को कहां तक गंभीरता से लिया यह कुंए का हुलिया बता रहा है। कमिश्नर नगरपालिका से पूछताछ भी नहीं कर सके। कुंआ आज भी जस का तस जीर्णोद्धार की बाट जोह रहा है। आशंका जताई जा रही है कि रखरखाव के नाम पर राशि भी आहरित कर ली गई होगी। इस तरह चल रहा है कमिश्नर का अभियान।

#### कहां कहां चला अभियान ?

लगभग 15 दिवस के अंतराल में अभियान कहां कहां चला ओर कितनें नदी तालाबों की सफाई कराई गई इसका आज तक कोई ब्यौरा भी नहीं दिया गया है। प्रशासन की ओर से कोई सूचना या विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है। इससे जाहिर होता है कि अभियान कहीं नही चल रहा है। केवल अभियान की घोषणा कर उसके समापन की घोषणा कर दी जाएगी। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही होगी। अगर एक बार अभियान के माध्यम से नदी तालाबों का रखरखाव करा दिया जाता तो निश्चित ही यह अभियान प्रशंसनीय कहा जा सकता था। लेकिन यहां तो अभियान में कोरेपन के सिवाय कुछ नजर नहीं आ रहा है।

# निलंबित हुआ गालीबाज पीडब्लूडी कार्यपालन यंत्री

**मानपुर।** विधानसभा क्षेत्र नगरपरिषद मुख्यालय में बीते दिन मानपुर नगर के बायपास सडक़ निर्माण कार्य मे की जा रही मनमानी का विरोध करने पर स्थानीय निवासी को मोबाइल फोन में गाली-गलौज और अभद्रता करना पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री को मंहगा पड़ गया। राज्य शासन ने कार्यपालन यंत्री द्वारा की जा रही गाली-गलौज के वायरल ऑडियो पर एक्शन लेते हुए कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी गजेंद्र गायकवाड़ को निलंबित कर दिया है और निलंबन कर मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी रीवा अटैच किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। मिली जानकारी अनुसार नगरपरिषद मुख्यालय स्थित निर्माणाधीन बायपास सडक़ निर्माण में ठेकेदार द्वारा जिम्मेदारों से सांठ-गांठ कर खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा था, साथ ही स्थानीय लोगों के साथ भेदभाव करते हुए एक तरफा सडक़ की चौड़ाई बढ़ाई जा रही थी। जबकि स्थानीय लोगों का कहना था कि सडक़ के दोनों तरफ बराबर चौड़ाई बढ़ाया जाए , लेकिन ठेकेदार किसी की ना सुनते हुए मनमानी तरीके से निर्माण कार्य को अंजाम देने में तुला हुआ था, जिसकी शिकायत स्थानीय निवासी भागीरथी भट्ट द्वारा विगत दिनो पीडब्लूडी के कार्यपालन यंत्री गजेंद्र गायकवाड़ से फोन में चर्चा करते हुए ठेकेदार द्वारा किए जा रहे, अनैतिक कार्य की जानकारी दी गई, जिसे पहले तो कार्यपालन यंत्री द्वारा बड़े गौर से सुना गया, थोड़ी ही देर में वह भडक़ गये और गालियां देने लगे। उक्त गालियां सुन स्थानीय लोगों द्वारा फोन अपने पुत्र को दे दिया गया और अधिकारी द्वारा लगातार दी जा रही गालियों को रिकार्ड करने को कहा गया, जिसके बाद भी संबंधित अधिकारी गाली-गलौज करने से नहीं माना, बल्कि एक के बाद एक कई अश्लील गालियां देता रहा जिसके बाद उक्त अधिकारी की शिकायत मानपुर थाना में तत्काल लिखित रूप से किया गया दूसरे दिन जिला कलेक्टर को उक्त शिकायत देते हुए विधिवत आवाज रिकार्ड सुनाया गया था। अधीक्षण यंत्री.लो.नि.वि. रीवा द्वारा मामले की विधिवत जांच किया गया, जांच उपरांत रिपोर्ट पर कार्यवाही हेतु बल्लभ भवन भोपाल भेजा गया, जहां जांच रिपोर्ट में पाया गया की कार्यपालन यंत्री गजेंद्र गायकवाड़ द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए वरिष्ठ नागरिक के साथ अभद्रता पूर्वक गाली-गलौज किया गया है , जिसके बाद उन्हें तत्काल पद से निलंबित कर दिया गया है।

# महिला से चेतराम ने लोन दिलाने के नाम पर की ठगी

## पुलिस अधीक्षक से पीड़ित महिला ने की शिकायत

शहडोल।

लोन कराने जाने वाले अधिकांश लोग बैंक दलालों के चंगुल में फंस रहे हैं, दलालों के जाल में फंसकर लोग धोखाधड़ी का शिकार हो रहे है, ऐसा ही एक मामला संभागीय मुख्यालय से सटे एसबीआई बैंक शाखा कल्याणपुर का सामने आया है। पीड़िता सेम्मी बाई पति माखन सिंह निवासी ग्राम ठाढ़पाथर, पोस्ट खेतगांव तहसील पुष्पराजगढ़ ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देते हुए बताया कि चेतराम यादव पिता पंचूलाल यादव निवासी केलमनिया, तहसील सोहागपुर द्वारा बजाज फायनेंस कंपनी शहडोल के नाम पर धोखाधड़ी करके 5 लाख निकलवाकर हड़प ली गई है।



#### लोन क्लोज कराने के नाम पर ठगी

पीड़िता ने शिकायत में उल्लेख किया कि वह शासकीय शिक्षक है, लोन निकलवाने के लिए चेतराम यादव पिता पंचू लाल यादव से संपर्क की थी, 15 लाख का लोन एसबीआई बैंक शाखा कल्याणपुर से पास कराया गया, फिर 15 नवम्बर 2023 को ही 3 लाख 65 हजार रूपये खाते से निकलवाकर बोला कि बजाज का लोन क्लोज करवाना है, 3 लाख 65 हजार रूपये खाते एवं यूपीआई के माध्यम से ले लिया गया। फिर इसके पश्चात 1 लाख 50 हजार रूपये कुछ दिन बाद नगद मुझसे लोन क्लोज कराने के लिए और लिया गया।

#### राशि दिलाई जाये वापस

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में बताया कि चेतराम यादव द्वारा बजाज फायनेंस कंपनी का लोन अदायगी नहीं की गई, उक्त बजाज फायनेंस कंपनी की किश्तों की राशि आज भी पीड़िता के द्वारा ही जमा किया जा रहा है, फरियादिया इस कारण परेशान है तथा उक्त चेतराम यादव के विरूद्ध गरीब के साथ किये गये धोखाधड़ी के लिए कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही कराकर मुझसे लिये गये राशि को वापस दिलाया जाये।

#### समय-समय पर किया जाता है जागरूक

पीड़ित ने चेतराम यादव पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उक्त दलाल बैंक से लोन पास कराने के नाम पर कई लोगों को निशाना बना चुका है, बैंक के अधिकारियों के नाम से कथित व्यक्ति द्वारा लाखों रूपये कमीशन के तौर पर लिये जाते हैं, वहीं कल्याणपुर शाखा के बैंक मैनेजर का कहना है कि लोन के लिए आने वाले लोगों से पूछा जाता है कि आप किसी के माध्यम से तो नहीं आये हैं, कोई लोन पास कराने के लिए पैसा तो नहीं ले रहा, लेकिन अगर बाहर कोई व्यक्ति ऐसा करता है, जानकारी नहीं मिल पाती है, हालाकि मामले की जानकारी ली जायेगी। समय-समय पर लोगों को जागरूक किया जाता है।

# हाई स्कूल में 59 बच्चे, 5 बच्चे हुए पास

## प्राचार्य को हटाने कमिश्नर से की मांग

शहडोल

जिले के जयसिंहनगर जनपद की ग्राम पंचायत मोहनी के सरपंच तेजई बैगा एवं उपसरपंच मुकेश गौतम ने कमिश्नर को शिकायत पत्र सौंपते हुए मांग की है कि ग्राम पंचायत मोहनी में संचालित शासकीय हाई स्कूल माझी टोला में पदस्थ प्रभारी प्राचार्य राजेन्द्र सिंह कंवर का ग्राम पंचायत से बाहर स्थानांतरण किया जाये, पत्र में उल्लेख किया गया कि हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम अत्यंत निराशाजनक रहा है, कक्षा 10 मेंकुल 59 छात्र थे, जिसमें से मात्र 5 लडक़े पास हुए है, जबकि सभी विषयों के अलग-अलग अतिथि शिक्षक उक्त विद्यालय में नियुक्त हैं, इस वजह से विद्यार्थियों के अभिभावकों में अत्यंत रोष है।



#### की गई बहस

सरपंच-उपसरपंच ने आरोप लगाया कि जब संस्था के प्राचार्य राजेन्द्र सिंह कंवर से सवाल-जवाब किया गया तो, वो अभिभावको से बहस करने लगे और आरोप लगाने लगे कि सभी छात्र गधे हैं, इस वजह से पास नही हुए, गधों को कितना भी पढ़ाया जाये, वह कभी घोड़ा नहीं बन सकते। पूर्व में भी राजेन्द्र सिंह कंवर की छवि काफी विवादित रही है, बात-बात पर छात्रों और अभिभावकों से विवाद अभद्रता की जा चुकी है।

#### योग्य प्राचार्य की नियुक्ति की मांग

ग्राम सभा में राजेन्द्र सिंह को बुलवाकर स्पष्टीकरण मांगा गया तो, श्री सिंह द्वारा स्पष्ट बोला गया कि मेरे काम करने का तरीका यही है, जिसे जो करना हो, कर सकता है। किसी को ज्यादा दिक्कत हो तो, ट्रांसफर अन्यत्र करवा दिया जाये, इसी संबंध में ग्राम सभा द्वारा राजेन्द्र सिंह को ग्राम पंचायत से अन्यत्र ट्रांसफर करवाए जाने के लिए प्रस्ताव पारित हो चुका है। राजेन्द्र सिंह का घर जयसिंहनगर में बना हुआ है, जिस वजह से यह अपने हिसाब से स्कूल आते हैं, सारा काम अतिथि शिक्षक से करवाते हैं और सारा समय अपने व्यक्तिगत कामों में व्यस्त रहते हैं। ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों ने शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए पंचायत में संचालित हाई स्कूल से प्राचार्य राजेन्द्र सिंह का तबादला कही और कर दिया जाये, साथ ही किसी योग्य प्राचार्य की नियुक्ति की जाये।

# प्रवेशोत्सव में अनुपस्थित शिक्षक निलंबित

उमरिया।

जिले के करकेली जनपद पंचायत अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला छांदाखुर्द के प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, जिला शिक्षा अधिकारी एम.एस.गौर, डीपीसी सुशील मिश्रा, बीआरसी विनय चतुर्वेदी ने भाग लिया। विधायक एवं कलेक्टर तथा पार्षद विलोकनाथ दाहिया, मनीष सिंह, समाज सेवी बाबू लाल गुप्ता ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर,



मिष्ठान खिलाकर तथा पुस्तक एवं पेन पेसिंल , कापी , कटर, रबर का वितरण किया । कलेक्टर ने कक्षा 7 की विद्यार्थी अंजली पयासी से हिंदी की पुस्तक पढ़वाई, जिसके द्वारा फर्राटे से पुस्तिक पढ लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की । निरीक्षण के दौरान किचन शेड का भी अवलोकन किया तथा वहां स्व सहायता समूह द्वारा बनाये जा रहे सुरूचि पूर्ण भोज का निरीक्षण किया । संबंधितों को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने माध्यमिक शिक्षक रूपा द्विवेदी के कार्यो की सराहना की । इस अवसर पर प्राथमिक शाला के कक्ष की छत उखडी होने तथा बरसात में पानी चूने की शिकायत पर पार्षद विलोकनाथ दाहिया को नगर पंचायत के माध्यम से भवन का मरम्मत कराने का आग्रह किया । शाला में अनुपस्थित शिक्षक सुनीता झारिया तथा मनीषा निगम को निलंबित करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये ।



# छात्र, एकाग्रता के साथ ग्रहण करें शिक्षा: विधायक

### बच्चे आने वाले कल का भविष्यः कलेक्टर स्कूल चलें हम अभियान के तहत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**शहडोल।** जिले के विकासखंड बुढ़ार अंतर्गत नगर परिषद बकहो के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकहो में आज स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेश उत्सव एवं जायफुल लर्निंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि शिक्षक जब भी पढ़ाएं तो विद्यार्थी एकाग्र मन करके शिक्षक की बातों को सुने एवं पढ़ाई में संपूर्ण ध्यान केंद्रित करके पढ़ाई करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक कक्षा में जो भी पढ़ाए उसे अपनी नोटबुक में लिखे एवं घर पर उसे एक बार अवश्य दोहराएं, जिससे लंबे समय तक याद रह सके। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि अभिभावक भी समय-समय पर बच्चों को स्कूल जाने एवं शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें, जिससे बच्चे प्रतिदिन आनंदित होकर स्कूल जाएं एवं अच्छी शिक्षा प्राप्त करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा कि प्रवेश उत्सव का दिन शैक्षणिक सत्र का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है। उन्होंने कहा कि प्रवेश उत्सव का आयोजन जिले से समस्त विद्यालयों में किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि विद्यालयों में प्रवेश लेने वाले यह नन्हें मुन्ने बच्चे आने वाले कल का भविष्य हैं।

कलेक्टर श्री भटनागर ने कहा कि प्रवेश उत्सव के दिन सभी शिक्षक एंव पालक यह संकल्प लें कि वे अपने आस-पास के प्रत्येक बालक, बालिकाएं जो स्कूल जाने योग्य हैं उन्हें शत प्रतिशत विद्यालय में प्रवेश दिलाकर प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थिति दिलाएंगें।

उन्होंने कहा कि हमारे जिले के शिक्षक बहुत योग्य एवं बहुत मेहनती हैं, उन्होंने ने शिक्षकों से कहा कि शिक्षक पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण करने का प्रयास करें। पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण करके एक बार पुनः रिवीजन कराएं जिससे बच्चों को परीक्षा में अत्यधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा है कि शहडोल संभाग में उन्मेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें शिक्षकों को अपने विद्यालय को आनन्दशाला बनाने एवं बच्चों को विद्यालय की ओर आकर्षित करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया है, जिसका लाभ इस शैक्षणिक सत्र में देखने को मिलेगा।

उन्होनें शिक्षकों से कहा कि कैसे अध्ययन के कार्य को रूचिपूर्ण बनाना है, इस पर शिक्षक संयुक्त रूप से कार्य योजना बनाएं एवं कार्य योजना बनाकर इस पर कार्य करें एवं बच्चों को अच्छी एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के दौरान लगभग 4 बच्चों का विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया एवं विद्यालय में उनका फूल-मालाओं से स्वागत भी किया गया, साथ ही नव प्रवेशित छात्रों को पुस्तक का भी वितरण किया गया। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकहो के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में अच्छे अंक अर्जित वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## खबर संक्षेप



### सीएम हेल्प लाईन अटैंड न करने पर होगी कार्यवाही

**उमरिया।** समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में अपर कलेक्टर शिव गोविंद सिंह मरकाम की अध्यसक्षता में संपन्न हुई । बैठक में अपर कलेक्टर ने सीएम हेल्पालाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हेल्पालाइन की कोई भी शिकायते अन अटेण्डेंट नही रहे अन्यथा संबंधित एल-1 अधिकारी तथा जिला प्रमुख अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि समय सीमा के पत्रों का संबंधित अधिकारी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं। आगामी सप्ताह में सभी समय सीमा के पत्रों का निराकरण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए । विभागवार अन अटेंण्डेंट शिकायतों की समीक्षा की जाएगी । आपने कहा कि जिन विभागो के ग्रेड सही नही है वह अपने विभागो की शिकायतो का निराकरण कराकर समय सीमा मे निराकरण सुनिश्चित करायें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, तहसीलदार सतीष सोनी, सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### घायल लंगूर का वन्यप्राणी प्रेमी कर रहे इलाज



**कोतमा।** 17 जून को बदरा बीमा ग्राम के पास एक बंदर पेड़ से गिरकर घायल हो गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा वन विभाग के हर वंश पटेल को दी। उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल बंदर को इलाज के लिए पशु चिकित्सालय कोतमा लाया जहां डॉक्टर वी वी चौधरी के द्वारा घायल बंदर का उपचार किया गया। उपचार के दौरान घायल बंदर को देखकर करने के लिए वन विभाग के हरबंस पटेल अपने घर ले आये और उसका समुचित उपचार कर रहे हैं।

### स्वच्छता अभियान को अधिकारी ही लगा रहे पलीता

**कोतमा।** जिला कलेक्टर द्वारा नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दे रहे हैं। जिले के ग्राम पंचायत में 16 मई से स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीणों को जागरुक करते हुए गांव को स्वच्छ रखने सहित सड़कों पर कचरा ना फेंकने एवं व्यवस्थित कचरा घर में ही कचरा फेंकने के लिए जागरूक किया गया। पिछले वर्ष जिला पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत में रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण के लिए कचरा रिक्शा का वितरण किया गया था इसी के तहत पिछले एक वर्ष से कोतमा जनपद पंचायत कार्यालय के पास कर्मचारी के शासकीय निवास पर तीन कचरा रिक्शा आज भी रखा हुआ है और वह जंग खा रहा है जबकि प्रशासन की मंशा यह रही की गांव में कचरा रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण करने का कार्य करवाया जाएगा लेकिन जिला पंचायत में एक अधिकारी की लापरवाही के कारण आज भी तीन कचरा रिक्शा रखा हुआ है जबकि जिस कर्मचारी के घर में इन तीन कचरा रिक्शा को रखा गया है उनके द्वारा कई बार उन अधिकारी को उसे रिक्शा को वहां से ले जाने के लिए कहा भी गया लेकिन उनके द्वारा टालमटोल किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ के मरवाही में जब्त शहडोल वेयर हाऊस से निकली शराब

# सो रहा अमला...ठेकेदार तस्करी कर छग भेज रहे शराब








**शहडोल।** मध्यप्रदेश के सीमावर्ती जिलों से शराब प्रतिदिन छग के लिए तस्करी की जा रही है, आबकारी अमला और सीमावर्ती थानों की पुलिस के साथ ही अंतर्राज्जीय चौकियों पर बैठे जिम्मेदार इससे बेखबर हैं और तस्कर पड़ोसी प्रदेश की पुलिस के हत्थे चढ़ रह हैं। 12 जून की शाम सोहागपुर थाना अंतर्गत स्थित आबकारी के वेयर हाऊस से शराब की खेप अनूपपुर जिले के बिजुरी स्थित शराब ठेकेदार आनंद यादव के परमिट पर उठाई जाती है, लाखों की शराब पिकप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीसी 6064 में लोड होती है और वेयर हाऊस से निकलते ही आनंद यादव के नाम पर खरीदी गई शराब राजनारायण जायसवाल को बेच दी जाती है, यह शराब बिजुरी स्थित शराब दुकान न जाकर सीधे पूर्व की तरह ही छत्तीसगढ़ चली जाती है, 13 जून की सुबह छत्तीसगढ़ के जीपीएम जिले के मरवाही थाने की पुलिस जांच के दौरान अवैध शराब की इस खेप को जब्त करती है, चालक और परिचालक को आरोपी बनाया जाता है और उनके बयानों के आधार पर शराब की तस्करी करने वाले राजनारायण जायसवाल को अगले दिनों में मरवाही पुलिस मध्यप्रदेश आकर गिरफ्तार करती है। इस बीच शराब ठेकेदार आनंद यादव एवं उसके साथ ऑफ रिकार्ड काम कर रहे सुनील सिंह और विकास शर्मा को छोड़ दिया जाता है, जबकि चार लोगों के साझे के इस काम में अकेले राजनारायण पर ही गाज गिरती है।

## हर दिन अंतर्राज्यीय सीमा से गुजरती है अवैध शराब की खेप

### सो रहा आबकारी अमला

बिजुरी स्थित शासकीय ठेके की शराब लगातार छत्तीसगढ़ तस्करी की जा रही है, अकेले बिजुरी ही नहीं बल्कि राजनगर, कोतमा, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ सहित शहडोल जिले की कई शराब दुकानों की जीवन रेखा इसी तरह की तस्करी पर टिकी हुई है, आबकारी अमला सरकार और खुद के राजस्व पूर्ति के फेर में जानकर भी अंजान बन जाता है और शहडोल के सोहागपुर थाने से लेकर बुढ़ार, अमलाई, चचाई, अनूपपुर, भालूमाड़ा, कोतमा और बिजुरी जैसे रास्ते में पकडऩे वाले थानों की पुलिस के साथ मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर बैठा दोनों प्रदेशों का जांच अमला शायद सोया हुआ है, यही कारण है कि इनकी नींद में गाड़ी यहां से निकल गई और शहडोल से निकली शराब छग के मरवाही में पकड़ी गई।

### इसलिए करते हैं तस्करी

छत्तीसगढ़ में शराब की दुकानें सरकार चलाती है, जबकि मध्य प्रदेश में शराब की दुकानें निजी हाथों में है, इस वजह से छत्तीसगढ़ के शराब तस्कर मोटी कमाई करने के लिए मध्यप्रदेश की अंग्रेजी शराब छत्तीसगढ़ में लंबे समय से खपा रहे हैं, इसी के तहत मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले से अंग्रेजी अवैध शराब की बड़ी खेप पिकअप वाहन में लोडकर मरवाही के रास्ते छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर ले जाया जा रहा था, जिसे मरवाही पुलिस ने बरामद कर लिया है, मजे की बात तो यह है कि मरवाही पुलिस ने वाहन चालक और मालिक को पहले आरोपी बनाया, लेकिन लंबी जांच के बाद भी यह शराब सरकारी वेयर हाऊस से जिस आनंद यादव नामक ठेकेदार ने खरीदकर तस्करी करते हुए बेच दी, उसका नाम न तो एफआईआर में न ही अभी तक जांच में आया, अलबत्ता राजनारायण जायसवाल को बयान के आधार पर तस्कर बता जरूर गिरफ्तार कर लिया।

### यह है मामला

छत्तीसगढ़ के मरवाही थाना क्षेत्र में पुलिस की टीम रात में गश्त के दौरान दानीकुंडी इलाके से गुजर रही संदिग्ध पिकअप वाहन से 150 पेटी अंग्रेजी बरामद की है, उक्त पिकप के पीछे एक कार चल रही थी, पुलिस को देख तस्कर पिकअप वाहन वहीं छोडक़र कार से फरार हो गए, जिसके बाद पुलिस ने पिकअप वाहन की तलाशी ली, पिकअप को जैसे ही खोला पुलिस के होश उड़ गए, पूरा वाहन अंग्रेजी शराब की पेटियों से भरा हुआ था, पिकअप वाहन से पुलिस ने 150 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद किया है, जिसकी मात्रा लगभग 1400 लीटर है, शराब व कुल मशरूका 15 लाख रुपए से अधिक बताया जा रहा है।

### इनका कहना है...

13 जून की सुबह मध्यप्रदेश से आ रही शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई थी, पहले चालक और मालिक को आरोपी बनाया था, जांच में सामने आने पर जानकारी हुई कि शराब बिजुरी जिला अनूपपुर के दुकान की थी, बयान पर राजनारायण जायसवाल को आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया जा चुका है।

**शनि रात्रे**
**थाना प्रभारी, मरवाही (छ.ग.)**

****

10 या 12 जून को हमने रोस्टर निरीक्षण किया था, तब स्थिति ठीक थी, आज आबकारी अधिकारी ने बिजुरी दुकान की जानकारी दी है, आज या कल दुकान में जा कर जांच करेंगे।

**कृष्ण कांत उइके**
**आबकारी निरीक्षक, बिजुरी**

*****

हमें बिजुरी की शराब छत्तीसगढ़ में पहुंचने की जानकारी नहीं है, यदि ऐसा है तो, यह गलत है और ठेका शर्तों का उल्लंघन भी है, हम जांच करवायेंगे।

**सावित्री भगत**
**जिला आबकारी अधिकारी, अनूपपुर**

******

12 तारीख को शराब उठी थी, शराब नियमतः गाड़ी में लोड हुई थी, यहां से जाने के बाद बिजुरी दुकान से कहां बेंच दी, इसकी जानकारी नहीं है।

**सतीश कश्यप**
**जिला आबकारी अधिकारी, शहडोल**

# बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभिभावक आगे आएं: कमिश्नर

### आयुक्त ने बच्चों को तिलक लगाकर कराया स्कूल में प्रवेश

**उमरिया ।** आज के बच्चे देश के भविष्य है, एक भी बच्चा प्रवेश के लिए वंचित न रहें यह कार्य सब को मिलकर करना होगा। बच्चो को पढऩे और शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए अभिभावक, सरपंच, पंच व वरिष्ठजनो को आगे आना होगा तभी बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकेगे। उक्त आशय के विचार कमिश्नर ने हाई स्कूल बिजौरी जनपद पंचायत मानपुर मे आयोजित स्कूल चले हम अभियान के तहत आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि शिक्षा एक प्रकाश पुंज की भांति है, जो स्वयं प्रकाशित होकर समूचे वतावरण को रौशन करता है। शिक्षा ही संस्कारवान राष्ट्र के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती है। नव प्रवेशी बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि मन लगाकर अध्याकपन का कार्य करें और जहां पर भी समझने एवं सीखने पर परेशानी का सामना करना पडता है तो अपने शिक्षको से संपर्क करें । उन्होने अभिभावको का आव्हान करते हुए कहा कि अभिभावक भी अपने बच्चों के शिक्षा का स्तर समय समय पर जांचे और बच्चो को घरो में भी अध्यापन कार्य करने के लिए प्रेरित करें। आयुक्त शहडोल संभाग ने कक्षा 1वी , 6वी एवं 9वीं के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्कूल मे प्रवेश दिलाया एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया ।



# कछरवार स्कूल में नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया स्वागत



**उमरिया।** स्कूल चले हम अभियान 18 जून से प्रारंभ हो गया है। अभियान के तहत शासकीय माध्यमिक विद्यालय कछरवार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ने भाग लिया एवं स्कूल में नव प्रवेश करने वाले छात्र छात्राओ का तिलक लगाकर उनका स्वाागत किया एवं उनका मुंह मीठा कराया तथा पुस्तको का वितरण किया । नव प्रवेशी बच्चो मे उत्साह का वातरण देखा गया । स्कूल चले अभियान के तहत जिले भर मे कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें जनप्रतिनिधियो, समाज सेवियो , स्कूल के प्रायार्यो ने हिस्सा लेकर नव प्रवेशी बच्चो को तिलक लगाकर स्कूल में प्रवेश कराया। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में भोपाल मे आयोजित स्कूल चले हम अभियान का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया । इसी तरह शासकीय माध्यमिक विद्यालय धनवाही में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि, पंच, अभिवावक,और प्रेरकों के द्वारा प्रवेशित नए छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया। साथ ही बच्चों को पुस्तक वितरण और बिस्कुट,चाकलेट वितरण किया गया । कार्यकम में सरपंच प्रतिनिधि रवि कोल, पंच रामजी तिवारी, पंच समरू कोल, स्वासहायता समूह के अध्यक्ष,रोजगार सहायक संपत यादव सहित प्रेरक और विद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# वर्तमान सत्र के लिए प्रशिक्षण एवं कार्य योजना संपन्न



**कोतमा।** नगर के डिवाइन वैदिक मिशन हाई स्कूल में शिक्षकों की एक बैठक हुई जिसमें अनूपपुर से आये लिटिल स्टेप स्कूल के प्रबंधक प्रशांत गुप्ता ने शिक्षकों को वर्तमान परिपेक्ष्य में बच्चों को तनाव रहित वातावरण के साथ पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया साथ ही छोटे बच्चों के अभिभावक कैसे विद्यालय में अपने बच्चे को सुरक्षित महसूस कर सके एवं निश्चित हो सके कि उनके बच्चे पर अधिक ध्यान कैसे रखा जाता है। बच्चों को टिफिन से पहले हैण्डवाश कैसे कराया जाए मदर टीचर बच्चों को टिफिन में सहायिका के साथ मिलकर कैसे उनका टिफिन सम्पन्न कराएँ एवं बच्चों में मनोरंजन के साथ पढ़ने के लिए उनके कीडा सामग्री के उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया गया। स्मार्ट क्लास में बच्चों का ध्यानाकर्षण कैसे रखा जाए एवं क्या-क्या सामग्री स्मार्ट क्लास में उपयोग की जाए। अपने उद्बोधन के दौरान डिवाइन वैदिक मिशन हाई स्कूल के संचालक बी.एन. ने वर्तमान सत्र में भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर विद्यालय परिवार की तरफ से अभिभावक को, कम से कम एक पौधा लगाने हेतु प्रेरित करने के लिए, प्रत्येक अभिभावको को एक एक पौधा विद्यालय की तरफ से उपलब्ध कराने के लिए सहमति जताई गई। जिसका प्रत्यक्ष व परोक्ष प्रभाव पर्यावरण को बचाने के लिए किया जाए। इस हेतु 500 पौधे विद्यालय में मॅगाने पर सहमति जताई गई। इस कार्य हेतु शिक्षकों ने भी वृक्षारोपण में अपनी भगीदारी सुनिश्चित करने हेतु सहमति प्रदान की। साथ ही बेहतर शिक्षण हेतु अनुशासन व्यवस्था, परिवहन एवं गत वर्ष से बेहतर शिक्षण हेतु सबने संकल्प लिया।

# समय से मनुष्य को अनुभव मिलता है, दक्षता तो अध्ययन से ही आती है : रश्मि सिंह

### नपा अध्यक्ष ने तिलक लगाकर नव प्रवेशी छात्राओ का किया स्वागत



**उमरिया।** स्कूल चले हम अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया में नगर पालिका परिषद उमरिया रश्मि सिंह के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ने नव प्रवेशी छात्राओ को तिलक लगाकर स्कूल मे प्रवेश करवाया तथा निशुल्क पुस्तको का वितरण किया । कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में शिक्षा का सर्वाधिक महत्व है। शिक्षा से ही सफलता के व्दार खुलते है । इसलिए आवश्यक है कि सभी छात्राएं मन लगाकर अपना अध्यापन का कार्य करें, और उच्च पदो पर पहुंचकर अपने माता पिता, गुरू , जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होने कहा कि नवप्रवेशी बच्चों के साथ, उनके अभिभावक और हम सभी उत्साहित हैं। यह बेहद महत्वपूर्ण अवसर है, जब कई बच्चे उत्तीर्ण होकर नई कक्षाओं मे जा रहे हैं वहीं अनेक बालक-बालिकाएं अपने प्राथमिक शिक्षा की शुरुआत करने वाले हैं। शिक्षा एक प्रकाश पुंज की भांति है, जो स्वयं प्रकाशित होकर समूचे वतावरण को रोशन करती है । उन्होंने विद्यालय का महत्व बताते हुए समझाया कि हमारे शास्त्रों में भी भगवान के द्वारा खुद अवतरित होकर गुरुकुल में अध्यन किए हैं। समय के साथ अनुभव मिलता है परंतु दक्षता अध्यन से ही आती है । नगर के कई बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, सी ए, यूपीएससी, एमपीपीएससी सहित अनेकों राष्ट्रीय परीक्षा में अपनी प्रतिभा का परिचाम लहरा रहे हैं । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ललन सिंह मरकाम, प्रभारी मानेश कुमार पनाडिया , समस्त शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।



# गली-मोहल्लों में अवैध कबाड़ का धंधा, प्रशासन मौन

### कार्यवाही के नाम पर सिर्फ औपचारिकता, स्टाक रजिस्टर से चल रहा धंधा

**कोतमा।** कोयलांचल क्षेत्र में चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कबाड़ चोरों की नजर मंदिरों में भी गढ़ गई है। आए दिन कबाड़ चोरों के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र सहित नगर की मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। भालूमाड़ा थाना अंतर्गत भालूमाड़ा चम्मच चौक में स्थित नगरनाथ मंदिर में पिछले 15 दिन पहले कबाड़ चोरों ने मंदिर से दो लोहे के गाटर एवं सीट चोरी कर ले गये थे । जिसकी मंदिर समिति के लोगों ने थाने में लिखित शिकायत की थी। 17-18 जून की दरमियानी रात भालूमाड़ा के अघोरी नाथ मंदिर परिसर में बने पंडाल में लगे एक लोहे का गाटर एवं दो लोहे की पाइप चोरी कर ले गये ।सुबह पुजारी मंदिर में आया तो देखा की पंडाल में लगे सामान को कबाड़ चोर चोरी कर ले गये है। जिसकी शिकायत थाने में की गई है । कोतमा में भी एक सप्ताह हुए नगर के बस स्टैंड में बने गणेश मंदिर से कबाड़ चोरों ने लोहे का गेट एवं घंटी चोरी कर ले गये थे। नगर मे खुलेआम कबाड़ चोरी का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। अवैध कबाड़ की दुकानों में पुलिस की सरकारी लोहे पर नजर भी पड़ रही है, लेकिन कबाड़ियों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। यही वजह है कि अब चोर कालरी मंदिर से लोहा एवं अन्य सामान चुराकर कबाड़ दुकानों में आसानी से खपा रहे हैं। नगर के बनिया टोला में रोड अंडर ब्रिज के पास वार्ड क्रमांक 7 शिशु भारती स्कूल के पास मनेद्रगढ़ रोड वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर जनपद कार्यालय के आगे कॉलेज तिराहा के पास मनेन्द्रगढ रोड में केरहा नाला के पास कबाड़ दुकानों की लाइन शुरू होती है। अवैध दुकानों को बंद करवाने के लिए पुलिस हिम्मत नहीं जुटा पा रही है। पुलिस संरक्षण से ही कबाड़ दुकानें संचालित हो रही हैं। इस व्यसाय में पुलिस और प्रशासन का कोई रोकटोक नहीं है। थाना क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर कबाड़ दुकान चल रही हैं। कबाड़ सामान को सड़क तक फैलाकर रखते हैं। संचालक बेधड़क कालरी के लोहे को खरीद रहे हैं। फिर दूसरी जगह महंगे दाम में सप्लाई करते हैं। बाइक व अन्य चोरी के सामान खपाना आम बात हो चुकी है।

**चोरी की घटनाएं भी बढ़ी**

इन दिनों नगर के गली मोहल्लों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह कबाड़ दुकान संचालित हो रही है। सभी संचालक प्रत्येक सप्ताह सैकड़ों टन लोहे का कबाड़ खरीद रहे हैं। इतनी मात्रा में लोहे कहां से आ रहा है। इसके बारे में किसी को पता नहीं है। दूसरी ओर जैसे-जैसे कबाड़ दुकानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, उसी तरह चोरी की घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं। चोर नए-नए क्षेत्र में चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इससे पहले कभी भी चोरी होने की शिकायत नहीं मिली थी। लेकिन पिछले कुछ दिनों से नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र में चोरी की घटना में इजाफा हुआ है। कालरी से लोहे चोरी हो रहे हैं। इन्हें कबाड़ दुकानों में आसानी से खपाया भी जा रहा है।

**कार्यवाही के नाम परऔपचारिकता**

चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन लगातार प्रयासरत है। लेकिन, कबाड़ दुकानों को बंद करवाने के लिए अभी तक कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुलिस के संरक्षण में कबाड़ी खुलेआम कारोबार कर रहा है। पुलिस कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी करती है। यह भी स्पष्ट है कि पुलिसकर्मी थानों में बैठने वाले संचालकों के दुकान के करीब भी नहीं जाते हैं।

**स्टाक रजिस्टर से चल रहा धंधा**

कबाड़ दुकानों में ज्यादातर चोरी का माल खपाया जाता है। पुलिस कई बार कबाड़ दुकानों से चोरी की सामग्री जब्त कर चुकी है। इसके बावजूद कबाड़ दुकान खोलने के लिए कोई कड़ा नियम कानून नहीं बनाया गया है। सिर्फ एक स्टाक रजिस्टर बनाकर दुकान संचालित किया जाता है। स्टाक रजिस्टर में खरीदी-बिक्री किए गए सामान को दर्ज कर कारोबार करते हैं। इन दिनों नगर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एक सप्ताह के अंदर तीन लोगों से मोबाइल लूट की घटना हो चुकी है। चोरी की कई बड़ी घटना भी घटित हो चुकी है, लेकिन पुलिस लूट एवं चोरी की घटना का पर्दाफाशा करने में असफल साबित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### योग दिवस में भाग लेने हेतु लोगों से योग की क्रियाएं कराई जा रही हैं

**रीवा।** आगामी 21 जून को दसवां योग दिवस मनाया जाएगा। आयुष विभाग के संयोजकत्व में आयोजित होने वाले योग दिवस में भाग लेने के लिए लोगों को योग की क्रियाएं कराई जा रही हैं। जिला आयुष अधिकारी डॉ शारदा मिश्रा ने बताया कि योग प्रशिक्षण सत्र आयोजित कर लोगों को योगासन करने तथा मुख्य कार्यक्रम में भाग लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायत अगडाल, आलमगंज, तमरादेश, मनिकवार, खरहरी, दुआरी आदि स्थलों में योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रति दिवस योग क्रियाएं कराकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

### नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी

**रीवा।** निगमायुक्त संस्कृति जैन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 18.06.2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 43 कृष्णा नगर में वार्ड पार्षद की दुकान के सामने का बड़ा नाला साफ कराया गया। वार्ड 16 में एसके टॉवर के पीछे यूके पैलेस के पास का बड़ा नाला साफ कराया गया। पचमठा में साफ सफाई एवं वार्ड 26 ललपा एरिया में नाला की सफाई कराई गई। नया बस स्टैण्ड फ्लाई ओवर के ऊपर की सफाई के साथ ही समान नाका से जेएनसिटी तक एवं कालेज चौराहा से जय स्तंभ तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। कचरे का उठाव का कार्य टैक्टर एवं टैम्पो द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी एवं श्री मुरारी कुमार द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण किया गया।

### आपदा प्रबंधन की संभागीय समीक्षा बैठक आज

**रीवा।** बाणसागर बाढ़, अतिवृष्टि तथा प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की रीवा संभाग के कमिश्नर गोपालचन्द्र डाड 19 जून को समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र में दोपहर 12.30 बजे से आरंभ होगी। बैठक से संबंधित रीवा संभागीय मुख्यालय के अधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। संभाग के अन्य जिलों के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से बैठक में शामिल होंगे।

### जिले में अब तक 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में एक जून से अब तक कुल 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 12.6 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 3.5 मिलीमीटर, सिरमौर में 2 मिलीमीटर, सेमरिया में 5 मिलीमीटर तथा मनगवां में 12 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 18 जून को हुजूर तहसील में 8.4 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 3 मिलीमीटर तथा मनगवां में 5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

### विश्व योग दिवस पर लगेगी दो दिवसीय प्रदर्शनी

**रीवा।** जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। केन्द्र सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के तहत संचालित क्षेत्र प्रचार कार्यालय रीवा द्वारा अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 20 एवं 21 जून को विश्वविद्यालय के योग चेतना केन्द्र में लगाई जा रही है। प्रदर्शनी में आकर्षक चित्रों के माध्यम से विभिन्न योगाभ्यासों, प्राणायाम तथा अन्य योग क्रियाओं की जानकारी दी जाएगी।

### टीकाकरण भावी पीढ़ी को स्वस्थ रखने का मूल मंत्र

**रीवा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले भर में 25 जून से 27 अगस्त तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान 9 माह से 5 साल तक के सभी बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की जाएगी। बच्चों को एनीमिया से बचाने के लिए विटामिन ए का घोल दिया जाएगा। साथ ही चिन्हित बच्चों को ओआरएस के पैकेट भी दिए जाएंगे। अभियान के दौरान 5 साल तक के सभी बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण भी किया जाएगा।

# खैरहा माइंस में मेन राइडिंग मशीन का सीएमडी द्वारा उद्घाटन आज

## प्रेम का सागर मारेगा उफान, तो होगा सोहागपुर एरिया का उत्थान











### रामपुर बटूरा खदान, राजेंद्रा, दामिनी भूमिगत माइंस, का दौरा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसईसील सोहागपुर एरिया वार्षिक 2024 कोयला टारगेट पूर्ण होने पर खदानों का दौरा करेंगे।

**धनपुरी।**

सोहागपुर एरिया की सबसे बड़ी ओपन कास्ट खदान मेगा प्रोजेक्ट रामपुर बटुरा, राजेंद्र भूमिगत माइंस, दामिनी भूमिगत माइंस में सीएम मशीन लगने निरीक्षण करने एवं खैरहा माइंस मेंन राइडिंग की ओपनिंग को लेकर चर्चा हो रही है कि 19 एवं 20 जून को एसईसीएल के सीएमडी प्रेमसागर मिश्रा सोहागपुर एरिया खदानों का दौरा करेंगे**?पुराने यादेसीएमडी के आगमन की चर्चाओं के बीच खदानों में अंदर-बाहर साफ सफाई जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। लेकिन स्पष्ट रूप से सीएमडी आगमन की जानकारी किसी के पास नहीं। सोहागपुर एरिया से सीएमडी साहब को बहुत लगाव देखा जाता है तीन दशक पहले अंडरग्राउंड माइन्सो में राजेंद्रा, बंगवार चचाईभूमिगत मांइस में पदस्थ रहे पुराने समय के लम्हों को याद करते हैं और उन दिनों का चर्चा भी करते हैं।मेन राइडिंग का शुभारंभकम समय में आसानी से पहुंचकर कोयला वार्षिक उत्पादन बढ़ोतरी देखी जा रही है। सोहागपुर एरिया में यह सिस्टम प्रणाली पहले बंगवार में शुरू हुई फिर राजेंद्रा भूमिगत माइंस में अब खैरहा भूमिगत माइंस में शुरू किया जा रहा है। मेन राइडिंग व सीएम मशीन लगने से खदानों से सोहागपुर एरिया को करोड़ों का लाभ होता है वही टारगेट की पूर्ण कर लिया जाता है। सोहागपुर एरिया वार्षिक कोयला टारगेट 2024-25 में 64 लाख निर्धारित किया गया है जो पूर्व वर्ष से 6 लाख टन अधिक का दिया गया है सोहागपुर एरिया में सीएम मशीन, मेंन राइडिंग लगने से निश्चित ही कोयला टारगेट पूर्ण करने में सफल होंगे।समस्याओंसीएमडी के दौरे की पक्की जानकारी तो किसी के पास नहीं है लेकिन अटकल बाजियों का दौर दौरा जारी है। अनुमानों अटकलों की इस आंधी में जो बात सामने आ रही है उसके मुताबिक सोहागपुर कोयलांचल की विभिन्न खदानों में ऐसी बहुत सी समस्याएं हैं जिनका समाधान एरिया प्रबंधन और एसईसीएल नहीं कर पा रहा है।दस साल मे नहीं लगी लाइट खैरहा मेन गेट से खदान कार्यस्थल पहुंच मार्ग पर आज तक लाइट की व्यवस्था नहीं हो सकी है, शायद आगे भी प्रकाश की व्यवस्था रोड पर दिखाई ना दे। बताया जाता है कि खैरहा खदान पहुंच मार्ग रोड के अलावा कालरी प्रबंधन के पास बिजली पोल गाड़ने के लिए जमीन नहीं है। रोड के अगल बगल किसानों की जमीन जहां खेती किसानी होती है ऐसे में बिजली पोल गाड़ने की व्यवस्था ना होने के चलते खदान खुलने के बाद से अभी तक रोड पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं बन सकी है। प्रबंधन द्वारा और कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई गई जिससे नाइट शिफ्ट में कार्य करने वाले श्रम वीरों को परेशानी से बचाया जा सके। कंपनी बोर्ड के सदस्य खैरहा पहुंच मार्ग पर लाइट की व्यवस्था कब बनाएंगे जिससे नाइट शिफ्ट में चलने वाले कर्मचारियों को दुर्घटना के बच सके। सडक विहीन अमलाई ओसीएमअमलाई ओसीएम गेट से प्रबंधन कार्यालय तक के लिए सालो पूर्व टेंडर हुआ था जो किन्हीं कारणों से ठेकेदार के द्वारा कार्य नहीं किया गया और वर्षों से रोड विहीन सड़क चलने के लिए कर्मचारी विवश हैं अमलाई ओसीएम से हर बर्ष करोड़ों का प्रॉफिट होने के बाद भी रोड का निर्माण नहीं हो पा रहा है वर्षा के दिनों में मिट्टी की रोड पर चलने से छुटपुट दुर्घटनाएं आए दिन हो रही हैं। सड़क निर्माण कार्य के लिए नया प्रपोजल बनाकर भेजा गया था जो बिलासपुर कार्यालय में धूल खाती पडी है। सेफ्टी बोर्ड के सदस्य इस समस्या को नजरअंदाज क्यों कर रहे हैं।बाउंड्री वॉल विहीन खदानबाउंड्री बिहीन खदानों में आज दिन कोयला चोरी हो रही है वर्षों से बाउंड्री वॉल जर्जर टूटी हुई है प्रबंधन के द्वारा कई बार बाउंड्री वॉल सुधार करने के लिए बिलासपुर बाउंड्री का प्रपोज बनाकर भेजा गया लेकिन बाउंड्री वॉल का सुधार नहीं हुआ जिससे काफी मात्रा में कोयला चोरी आए दिन हो रही है खदान की सुरक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी बाउंड्री वॉल होती है लेकिन खदान में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बाउंड्री वॉल की रिपेयरिंग तक नहीं की जाती जगह-जगह बाउंड्री वॉल टूटी हुई है खदान की सेफ्टी कैसे होगी इस ओर सेफ्टी बोर्ड कब ध्यान देगी।



## महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाईजी के बलिदान दिवस पर युवाओं ने किया नमन

**उमरिया।** अद्वितीय शौर्य और पराक्रम का पर्याय, महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी के बलिदान दिवस पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा गायत्री मंदिर बिरसिंहपुर पाली के समीप महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई जी के चित्र पटल पर माला अर्पण कर शत-शत नमन किया गया। भारतीय इतिहास में वीरता और आत्मसम्मान का ऐसा अप्रतिम अध्याय जोड़ा है, जो देश को युगों-युगों तक गौरवान्वित करता रहेगा। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने बताया कि 18 जून को रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि को देश बलिदान दिवस के रूप में उन्हें याद करता है। साल 1957 में आज के ही दिन रानी लक्ष्मीबाई अंग्रेजों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त हुई थीं। अमर वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की स्वर्णिम अध्याय हैं। उन्होंने न सिर्फ अपने अदम्य साहस व शौर्य से विदेशी शासन को नतमस्तक किया बल्कि राष्ट्र व संस्कृति की रक्षा के ऐसे प्रतिमान स्थापित किए जो असंख्य भारतीयों में प्रेरणा बनकर प्रवाहित होने लगा।उन्होंने कहा कि प्रथम स्वाधीनता संग्राम को अपने पराक्रम, साहस, संगठन शक्ति, अद्वितीय रण कौशल और बलिदान से नई दिशा देने वाली महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की अतुल्य संघर्ष और शौर्य गाथा राष्ट्रभक्तों की हर पीढ़ी को अनंत काल तक प्रेरित करती रहेगी।आपने स्वतंत्रता की ऐसी अलख प्रज्वलित की, जिसने संपूर्ण राष्ट्र को जागृत कर दिया। आप अनंतकाल तक महिला सशक्तिकरण की प्रेरणास्रोत बनकर बेटियों को आगे बढ़ने की राह दिखाएंगी।इस दौरान हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,संजीवनी पटेल, राहुल सिंह,रुद्र प्रधान, शरद तिवारी, सत्यम सेन,श्रीराम तिवारी उपस्थित रहे ।

## स्कूल चलें अभियान के तहत शा. माध्य. शाला मालियागुड़ा में किया अवलोकन

### प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत, वितरित की पुस्तकें व पेन

**उमरिया**



स्कूल चले हम अभियान के तहत जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा शा. माध्य. शाला मालियागुड़ा में पाली थाना मंठार चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक शशि द्विवेदी व प्रधान आरक्षक विद्यालय प्राचार्य सारिका नामदेव,वेयन्त राणे, स्कूल चले अभियान हम अभियान प्रेरक हिमांशु तिवारी अवलोकन कर प्रवेश उत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर पुष्प दिए गए। उन्हें किताबें वितरित कर प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहायक निरीक्षक शशि द्विवेदी ने अपने स्कूली जीवन को याद करते हुए कहा कि मेरी प्रारंभिक शिक्षा इसी शा. शाला से ही हुई है, जो पढ़ाई भौतिक रूप से यानी कक्षा में अध्ययन में होती है वह और किसी माध्यम से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति को आगे बढ़ाता है एवं जीवन निर्माण के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित छात्रों से मन लगाकर पढ़ाई कर अपनी शाला, नगर, राज्य एवं देश का नाम रोशन करने की बात कही। स्कूल चले हम अभियान प्रेरक हिमांशु तिवारी ने बच्चों से कहा कि विद्यालय में निर्भीक होकर आएं। अपने जीवन में ज्ञान के दीपक को निरंतर जलाकर अपने भविष्य गढ़ने हेतु अभी से तत्पर हो जाएं।उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि पुस्तक विद्यार्थी को आदर्श जीवन का पाठ पढ़ाती है। अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का संचार करती है। बिना पुस्तक के जीवन शून्य के समान होता है। हर विद्यार्थी के लिए पुस्तक जरूरी है। यह विद्यार्थी जीवन की जड़ को मजबूत बनाती है।इस दौरान विद्यालय शिक्षक फूल सिंह ठाकुर, शिक्षिका वर्षा निगम, सोनिका सिंह, स्कूल चले हम अभियान प्रेरक हिमांशु तिवारी, खुशी सेन,राहुल सिंह,श्रीराम तिवारी, एवं सभी छात्र-छात्राएं, व अभिभाक गण उपस्थित रहे।

## आदिवासी रहवासी क्षेत्र में हो रहा रेत का भंडारण, रेत से भरे ओवरलोड वाहनों से बदहाल जो रही हैं सड़क



**अमलाई।**

नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 4 में रेत भंडारण किया जा रहा है ठेकेदार द्वारा बारिश पूर्व रेत का भंडारण किया जा रहा है जिससे हाल ही में बनी सड़क बदहाल हो रही है बीते वर्ष क्षेत्र की संसद द्वारा अनुमोदित किये जाने पर लोक निर्माण विभाग द्वारा खस्ताहाल सड़क का डामरीकरण कराया गया था जो अमलाई, बरगवां और केल्हौरि ग्राम को जोड़ती है किंतु बीते सप्ताह से बरगवां और अमलाई मार्ग में नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 में सड़क के किनारे ही बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण किया जाने लगा है जहां रेत के बड़े बड़े वाहन इस सकड़ी सड़क पर दौड़ रहे है जिससे यह सड़क पुनः बदहाली की स्थिति में आ रही है। इतना ही नही रेत से भरे ट्रक ढके बिना सड़क पर दौड़ रहे है जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### आदिवासी रहवासी क्षेत्र में हो रहा भंडारण

जिस जगह पर रेत का भंडारण किया जा रहा है वह आदिवासी बस्ती के बीच मे है हालांकि इस प्रकार की गतिविधियां समतल स्थानों पर की जानी चाहिए किन्तु रहवासी क्षेत्र में रेत का भंडारण किया जा रहा है जिससे भारी मात्रा में प्रदूषण फैल रहा है जिसकी चपेट में स्थानीय रहवासी आ रहे है जो गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकते है। बताया जाता है कि जिस जगह पर रेत का भंडारण किया जा रहा है वह निजी भूमि है किंतु रहवासी क्षेत्र में रेत का भंडारण नुकसानदायक हो सकता है रहवासी क्षेत्र में रेत भंडारण की अनुमति ही सवालों के घेरे में है कि जिला प्रशासन और नगर परिषद द्वारा रहवासी क्षेत्र में भंडारण की अनुमति कैसे प्रदान कर दी गई। इस विषय पर जानकारी लेने हेतु नगर परिषद बरगवां की सीएमओ और अनुविभागीय अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई किन्तु संपर्क नही हो सका।



## एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र ने नपा बरगवां अमलाई के खाते में जमा किया टैक्स, विकास कार्यों में होगा खर्च

**अमलाई।** परिषद बरगवां अमलाई अंतर्गत इन दिनों विकास कार्यों को लेकर मुहिम चलाई जा रही है जिसमे लोगों को पानी की समस्या व वार्डों में साफ- सफाई को लेकर एक अहम मुहिम चलाई जा रही है जिस पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाबों की साफ सफाई को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही 2 मई को नपा अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता द्वारा मुख्य महाप्रबंधक एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र पी. कृष्णा से मिलकर इस बात को लेकर चर्चा की थी और साथ ही एसईसीएल अंतर्गत नगर परिषद में होने वाले कार्यों को विशेष ध्यान दिया जाएगा, नगर परिषद बरगवां अमलाई की अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता के अथक प्रयासों से साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड सोहागपुर क्षेत्र के द्वारा नगर परिषद बरगवां अमलाई को दी जाने वाली टैक्स को जमा कराने में अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता ने अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया है, अध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता का कहना है कि नगर परिषद को गुप्त राशि का उपयोग महिलाओं के मात्र शक्तियों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण में इस्तेमाल किया जाएगा, सशक्त बनाने के लिए और विकास कार्यों को आयाम देने के उद्देश्य से हम सभी का नैतिक कर्तव्य बनता है कि शासन के द्वारा नव गठित नगर परिषद बरगवां अमलाई और उसके अंतर्गत निवासरत सभी वर्ग के लोगों को आगे बढ़कर सभी प्रकार के करों की भरपाई समय रहते जमा करना चाहिए, जिससे नगर परिषद के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यों व विकास को गति मिल सके। विगत दिनों एसईसीएल सोहागपुर एरिया के द्वारा अपने संपूर्ण करों का भुगतान 52,38, 940 लाख रुपए नगर परिषद के खाते में जमा कराया गया बताया गया कि नगर परिषद बरगवां अमलाई के सभी वार्डों में विकास कार्यों को लेकर लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच 25 को सिरमौर में करेगी सुनवाई

**रीवा**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच रीवा जिले के भ्रमण पर आ रही है। इसके द्वारा 25 जून को सिरमौर में आयोजित वृहद शिविर में बच्चों के कल्याण की योजनाओं की समीक्षा की जाएगी तथा बच्चों के अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शिविर के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग तथा आदिमजाति कल्याण विभाग शिविर से लाभान्वित किए जाने वाले बच्चों की सूची तैयार कर लें। सभी अधिकारी शिविर की तैयारी समय पर पूरी कर लें। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा सर्वे करके प्रत्येक गांव से बच्चे शिविर में लाए जाएंगे। इनसे जुड़ी समस्याओं और कठिनाईयों को दूर करने का प्रयास करें। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खोलने तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शिविर में स्वयंसेवी संस्थाओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि आयोग के निर्देशों के अनुसार आकांक्षी विकासखण्ड सिरमौर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जवा और सिरमौर दोनों विकासखण्डों के बच्चे शामिल होंगे। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सकों का दल तैनात कर बच्चों के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था कराएं।
बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की भी व्यवस्था करें। शिविर में बाल श्रम से पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, एसिड अटैक से पीड़ित, निराश्रित बच्चों, अति गरीब परिवार के बच्चों, दिव्यांग बच्चों, कोविड तथा गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों के कल्याण के लिए शिविर में व्यवस्थाएं की जाएंगी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, प्रभारी अधिकारी ट्राईबल पीके पाण्डेय, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी, एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा, संबंधित अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिले में 8.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 8.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र कोतमा में 9 मिमी तथा बिजुरी में 55.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वषार्मापी केन्द्र अनूपपुर, जैतहरी, वेंकटनगर, पुष्पराजगढ़, अमरकंटक तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### चिकित्सालय में आयोजित होगा जागरूकता कार्यक्रम

**अनूपपुर।** विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून 2024 के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति अनूपपुर द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर के स्वसहायता भवन में सिकल सेल एनीमिया हेतु जागरूकता प्रयास से व्यापक स्तर पर सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिन्ट मीडिया के पत्रकारों तथा नागरिकों व जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 2 युवक व 5 बकरी की मौत



**बिजुरी।** जिले के बिजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत तेज आंधी तूफान के साथ बारिश के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो ग्रामीण की मृत्यु हो गई वहीं दो गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी में भर्ती कराया गया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में लगी हुई है। एक घटना ग्राम जलसार में वही दूसरी घटना कपिलधारा के वार्ड क्रमांक 7 बरघाट बिजुरी में बारिश के साथ बिजली गिरने से अगल अगल दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई वही दो लोग घायल जानकारी मिलते ही तत्काल मौके पर बिजुरी पुलिस जलसार पहुंच कर मृतक का बृजमोहन कोल उम्र 25 वर्ष वहीं दूसरा मृतक विजय कुडाकु उम्र लगभग 40 वर्ष बताया जा रहा है वही दोनों घायल व्यक्तियों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी में किया जा रहा है। कपिलधारा बरघाट में पांच बकरी भी बिजली के चपेट में आने से उनकी मौत हो गई।

### महिला ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**अनूपपुर।** थाना चचाई अंतर्गत पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। महिला को अस्पताल ले जाने के लिए पुलिस सहायता हेतु इसकी सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में 18 जून को रात्रि 01 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल अनूपपुर जिले के चचाई थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक सत्यवीर तोमर एवं पायलट जितेंद्र यादव ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते आत्महत्या के उदेश्य से जहरीले पदार्थ खा लेने से पीड़ति महिला को डायल-112/100 स्टाफ ने एफआरव्ही वाहन से ले जाकर जिला चिकित्सालय अनूपपुर मे भर्ती करवाया। जहाँ पीड़ति महिला का उपचार किया जा रहा है, अग्रिम कार्यवाही थाने द्वारा की जा रही है।

### जीवन निर्वाह के लिए पेंशन पर्याप्त नहीं-अनिल गुप्ता



**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव को पत्र लिखकर निराश्रित, वृद्धावस्था, दिव्यांग, कल्याणी पेंशन एवं परित्यक्ता पेंशन की राशि बढ़ाए जाने हेतु पत्र लिखा है। उन्होंने अपने पत्र में लेख किया है कि म.प्र. में भाजपा की जन हितैषी सरकार आपके कुशल नेतृत्व में निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर है, म.प्र.जनहित व हितग्राही मूलक कार्यों के लिए देश में अग्रणी प्रदेश है। म.प्र.में लाडली बहना जैसा अति महत्वाकांक्षी योजना लागू है जिन्हे प्रतिमाह 1250 रुपए प्रदान किया जाता है किन्तु समाज के निरीह, असहाय, निराश्रित, कल्याणी तथा दिव्यांगजनों का पेंशन 600 रुपए प्रतिमाह दिया जाता है।

# बिजली चोर पहुंचे जेल, अभी तक नहीं मिली बेल

## विद्युत चोरी के प्रकरणों में अब तक 4 आरोपियों को हुई जेल









### विद्युत चोरों में दहशत व्याप्त, वैध कनेक्शन लेकर विद्युत के उपयोग की अपील

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी कार्यक्षेत्र के अनूपपुर संभाग अंतर्गत आने वाले सभी वितरण केन्द्रो में विद्युत का अनधिकृत और अवैध उपयोग करने वालों के खिलाफ बिजली कंपनी द्वारा सख्त कार्यवाही की जा रही है।

अनूपपुर।

कंपनी द्वारा बकाया राजस्व वसूली और अवैध विद्युत के उपयोग की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कंपनी द्वारा सीधे लाईन से बिजली चोरी तथा अवैध और अनधिकृत विद्युत का उपयोग करने वालों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126, 135 एवं 138 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

कंपनी द्वारा बकाया राजस्व वसूली के प्रयास तेज करते हुए बकायादार उपभोक्ताओं के विरूद्ध भू-राजस्व संहिता के अंतर्गत सी-फार्म एवं कुर्की करने के साथ ही बकायादार उपभोक्ताओं के बैंक खाते सीज कराने एवं खसरों में बकाया राशि की जानकारी दर्ज कराने की कार्यवाही की जा रही है वही बिजली चोरों पर सतर्कता दल द्वारा सघन जांच कर पंचनामा बनाया जाकर क्षतिपूर्ति राशि वसूल की जा रही है। दूसरी ओर कुछ बिजली चोरों द्वारा क्षतिपूर्ति राशि जमा नही करने पर उनके खिलाफ न्यायालय मे मामला पेश कर उन्हे क्षतिपूर्ति देयक जमा करने हेतु कहा जा रहा है परंतु कुछ मामलों मे आरोपियों द्वारा आनाकानी करने पर उन्हे जेल की हवा भी खानी पड रही है।

### इन्हे खानी पड़ रही जेल की रोटी

विगत दिनों विद्युत चोरी के प्रकरणों में दो आरोपी क्रमशः पहला आरोपी रामलाल चौधरी निवासी मानपुर थाना कोतवाली अनूपपुर विशेष प्रकरण क्रमांक 251/2022 बकाया राशि 3754 रुपए तथा दूसरा आरोपी श्यामदीन पटेल निवासी ग्राम पिपरिया थाना कोतवाली अनूपपुर विशेष प्रकरण क्रमांक 311/2021 बकाया राशि 14270 थी, इन दोनो आरोपियों को माननीय विशेष न्यायालय विद्युत अधिनियम के द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के पालन में गिरफ्तार कर रिमांड ड्यूटी न्यायाधीश सुश्री अंजली शाह द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल वारंट कर जिला जेल अनूपपुर भेज दिया गया था। जिस संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार दो अन्य आरोपियों को भी 16.06.2024 को जेल भेजा गया है, जिनमे से तीसरा आरोपी हरिलाल पटेल पिता गणेश पटेल निवासी ग्राम बरबसपुर थाना कोतवाली अनूपपुर विशेष प्रकरण क्रमांक 46/2022 बकाया राशि 11984 रुपए तथा चौथा आरोपी राजकुमार सिंह पिता रामदीन गोंड निवासी ग्राम कोरजा थाना बिजुरी विशेष प्रकरण क्रमांक 54/2023 बकाया राशि 10630 को भी न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया गया है।

### पहले भी हो चुकी कार्यवाही

इसके पूर्व भी पिछले माह अप्रैल में दिनांक 09.04.2024 को दो आरोपी विद्युत चोरी के प्रकरणों में धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत गिरफ्तारी वारंट जारी होने पर गिरफ्तार होकर जेल जा चुके है, जिसमे पहला आरोपी रामाधीन गोंड निवासी दैखल थाना भालूमाड़ा विशेष प्रकरण क्रमांक 141/2023 बकाया राशि 13757 और दूसरा आरोपी राहुल विश्वकर्मा निवासी ग्राम छिलपा चौकी फुनगा थाना भालूमाड़ा विशेष प्रकरण क्रमांक 81/2022 बकाया राशि 80064 होने के कारण जेल जा चुके हैं। जिससे विद्युत चोरों में दहशत व्याप्त है।

### नियमानुसार बिजली के उपयोग की समझाइश

विभाग के अधीक्षण अभियंता ने कहा कि विद्युत की चोरी करना दण्डनीय अपराध है। उन्होने आम जनता से अपील की है कि नियमानुसार वैध विद्युत कनेक्शन लेकर ही विद्युत का उपयोग करे। उन्होने कहा कि बिजली चोरी एवं अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना अपराध है। बिजली चोरी एवं अनधिकृत रूप से विद्युत का उपयोग करते पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।



# जनपद अध्यक्ष व सदस्य करेंगे आमरण, अनशन कलेक्टर को दिया ज्ञापन

अनूपपुर।

जिले की जनपद पंचायत अनूपपुर के अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर 18 जून से आमरण अनशन करेंगे जिसका सूचना राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनूपपुर बिसाहू लाल सिंह, कमिश्नर शहडोल, कलेक्टर अनूपपुर, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनूपपुर, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनूपपुर, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनूपपुर, थाना प्रभारी भालूमाड़ा को ज्ञापन सौंप कर आमरण अनशन की सूचना दिए। जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों के द्वारा जनपद सदस्यों की मांगों को अनदेखा करते हुए कार्य कर रहे हैं एवं पिछले दो वर्षों से निर्वाचित हुए जनपद सदस्यों के द्वारा दिया गया विकास कार्य निर्माण कार्यों का प्रस्ताव को स्वीकृत नहीं दिया जाता एवं ठेकेदारों द्वारा कार्यों को जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों के द्वारा स्वीकृत दे दिया जाता है। बताया गया की भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र व प्रदेश में है जिले में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री, पूर्व मंत्री विधायक, सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष होते हुए भी भाजपा के जनप्रतिनिधियों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है जिसका सुनने वाला सहयोग करने वाला कोई नही होता।

## अचानक सामने आए हाथी से बाल-बाल बचा वन विभाग का अमला

# डीएफओ ने किया देर रात हाथी विचरण क्षेत्र का दौरा

**अनूपपुर।** जिले में विगत तीन दिनों से दो नर हाथी निरंतर विचरण कर रहे हैं जो सोमवार के पूरे दिन वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट अंतर्गत केकरपानी एवं बांका के जंगल में विश्राम करने बाद देर रात बांका के जंगल से निकलकर दुधमनिया, लखनपुर डालाडीह होते हुए औढेरा बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 360 ग्राम पंचायत बैहार के जंगल में मंगलवार की सुबह 8 किमी की दूरी तय कर पहुंच कर विश्राम कर रहे हैं। दोनों हाथियों ने रात मे आबादी वाले ग्रामों से गुजरते हुए देर रात लखनपुर के जंगल में दो घंटा बिताया इस बीच दुधमनिया, लखनपुर के ग्रामीणों द्वारा हाथियों को आबादी वाले क्षेत्रों में प्रवेश से रोकने के लिए एकत्रित होकर हो-हल्ला के साथ ट्रैक्टरों का भी प्रयोग प्रवेश को रोकने के लिए किया जिससे हाथी आबादी वाले क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सके। मंगलवार की सुबह दोनों हाथी ग्राम पंचायत बैहार के केरहाई जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। एक दिन पूर्व सोमवार की सुबह 2:30 बजे के लगभग यह दोनों हाथी पगना गांव के जल्दा बांध से विचरण करते हुए पगना-ठेगरहा मुख्य मार्ग पर लगभग दो किमी चलते रहे। इस बीच वन परीक्षेत्र जैतहरी के वन परिक्षेत्राधिकारी विवेक मिश्रा अपने परिक्षेत्र सहायकों, वनरक्षको, सुरक्षा श्रमिकों के साथ वन परिक्षेत्र की सीमा गोबरी बीट के ठेगरहा गांव में कुन्ना कोल के




घर के पास मुख्य मार्ग पर हाथी विचरण की गतिविधियों पर नजर बनाते हुए विश्राम कर रहे थे तभी दोनों हाथी अचानक वन परिक्षेत्र अधिकारी जैतहरी की बोलेरो गाड़ी के समीप पहुंच गए अचानक हाथी के पहुंचने पर सभी घबरा गए जिस दौरान फोड़े गए पटाखे से दोनों हाथियों ने अपना रुख बदल दिया जिससे वन कर्मी बाल-बाल बच सके।

सोमवार की देर रात अनूपपुर वन मंडलाधिकारी सुश्री श्रद्धा पेन्द्रे हाथी विचरण क्षेत्र ग्राम केकरपानी का भ्रमण कर दोनो हाथियों के विचरण की गतिविधियों की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों से लेते हुए ग्रामीणों से चर्चा की जिसमें उन्होंने ग्रामीणों से समूह बनाकर हाथियों के नजदीक न जाने, उन्हें परेशान ना करने, जंगल के किनारे अथवा गांव से बाहर अलग-अलग तरह से घर बनाकर रह रहे ग्रामीणों को देर शाम होने के पूर्व बीच बस्ती में सुरक्षित आकर रहने की सलाह देते हुए वन विभाग को सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की वहीं वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों जिनकी तीन अलग-अलग पालियों में तैनात किया गया है हाथियों के सतत विचरण पर सघन रूप से निगरानी रखते हुए आम जान की सुरक्षा को प्रथम वरियता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कुछ ग्रामीणों की शिकायतों पर वन कर्मचारी से हाथी विचरण क्षेत्र में ही ड्यूटी करने के साथ निर्देशों के कड़ाई से पालन करने की बात कही।

# विद्यार्थियों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश

## जिले भर में स्कूल चलें हम व भविष्य की भेंट कार्यक्रम हुए आयोजित

अनूपपुर।

स्कूल चले हम अकादमिक सत्र 2024-25 ग्रीष्मकालीन अवकाश के पश्चात18 जून 2024 से पुनः प्रारंभ किया गया है। प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षण के लोकव्यापीकरण के मुख्य उद्देश्य 6-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का आयु अनुरूप कक्षा केजी 1 से 12 में विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित करना है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जून माह में विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन एवं विभिन्न योजनाओं हेतु पात्रता का निर्धारण किया जाना है। जिस हेतु स्कूल चले हम अभियान तीन चरणों में संचालित होगा। प्रथम चरण 18 से 20 जून 2024 तक सामुदायिक भागीदारी और प्रचार, जनसमुदाय, अभिभावक, विद्यार्थियों को ग्रीष्म अवकाश के पश्चात 18 जून से प्रारंभ होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा शासकीय अधिकारियों की शाला में सहभागिता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### स्कूल चले हम व भविष्य से भेंट कार्यक्रम में शामिल हुए अधिकारी

नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 का प्रारंभ 18 जून से हुआ। जिसमें स्कूल चले हम व भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जन शिक्षा केन्द्रवार अधिकारियों को विद्यालयों में उपस्थित रहकर एक कालखण्ड पढ़ाने की ड्यूटी लगाई गई थी। जिसमें जिले के अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, तहसीलदारों,



जनपद सीईओ, मुख्य नगरपालिका अधिकारियों सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने सहभागिता निभाई तथा बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया तथा विद्यार्थियों को शाला उपयोगी सामग्री भेंट की। नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस विदयार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### जिपं. अध्यक्ष की उपस्थिति में खांड़ा स्कूल में आयोजित हुआ प्रवेशोत्सव

स्कूल चले हम अभियान के शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खांड़ा में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार मंगला प्रसाद चक्रवर्ती सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा संस्था के प्राचार्य, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। प्रवेशोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया गया व विशेष मध्यान्ह भोजन कराया गया।

### बीआरसी व जिम्मेदारों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आज सर्व शिक्षा अभियान के स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत जैतहरी के प्राथमिक विद्यालय धनगवां पूर्वी, पड़रिया, छातापटपर, कुकुरगोड़ा पहुंचकर विद्यालयों का निरीक्षण कर जायजा लिया। कलेक्टर के भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रमेश सिंह धुर्वे, जनपद पंचायत जैतहरी के सीईओ बी.एम. मिश्रा तथा बीआरसी व एपीसी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान विद्यालयों में बच्चों से नवीन शैक्षणिक सत्र में स्कूल चले हम व भविष्य से भेंट के तहत चर्चा की तथा उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने शिक्षकों से नवीन शैक्षणिक सत्र में बच्चों के नामांकन, शिक्षा पोर्टल एवं यूडाईस डाटा के छात्र प्रोफाईल के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पुस्तकों के वितरण के संबंध में शिक्षकों व मौके पर उपस्थित बीआरसी से जानकारी ली तथा पुस्तकों का वितरण समुचित ढंग से नही होने पर नाराजगी जाहिर की। भ्रमण के दौरान कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने छातापटपर स्कूल में विशेष मध्यान्ह भोजन नही बनने पर नाराजगी जताते हुए संस्था प्रमुख पर कार्यवाही के संबंध में डीपीसी को निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय कुकुरगोड़ा में स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव पर विद्यार्थियों द्वारा उत्सव का स्वरूप दिया गया था। जिसे देखकर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण तथा विशेष मध्यान्ह भोजन का वितरण होना पाया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय कुकुरगोड़ा, छिंदहाई टोला में व्यवस्थाएं अच्छी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा शिक्षकों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने चोलना स्कूल पहुंचकर विद्यार्थियों के पुस्तक वितरण के संबंध में शिक्षकों से जानकारी ली। जहां व्यवस्था संतोषजनक नही मिलने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कलेक्टर ने बीआरसी जैतहरी सहित जिम्मेदारों के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्देश दिए।

### मप्र 2024 बजट में राशि आवंटन के लिए 7 बिन्दुओं का सुझाव प्रेषित

**अनूपपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा मप्र 2024 बजट हेतु प्रदेश भर से सुझाव आमंत्रित किये गये थे। अनूपपुर जिले से इस हेतु विभिन्न विषयों को समाहित करते हुए 7 बिन्दुओं पर सरकार का ध्यानाकर्षण करते हुए इस बावत आवश्यक राशि आबंटित करने की मांग की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी अनूपपुर के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी एवं स्थानीय समाचार पत्र के संपादक मनोज कुमार द्विवेदी ने मध्यप्रदेश सरकार को लिखित सुझाव देते हुए प्रदेश के सभी संविदा कर्मियों को नियमित करने के साथ पुष्पराजगढ में कृषि महाविद्यालय प्रारंभ करने की मांग की है। श्री द्विवेदी ने मध्यप्रदेश सरकार से 2024 के बजट में इस हेतु आवश्यक फंड आवंटित करने की मांग करते हुए लेख कर आवश्यक राशि स्वीकृत कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करवाने की मांग की जिसमे नर्मदा उद्गम नगरी अमरकंटक को शक्ति लोक के रुप में विकसित करें । इसकी घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 100 करोड़ रुपये स्वीकृत करने के आदेश दिये थे। जनजातीय बहुल पुष्पराजगढ में कृषि महाविद्यालय खोला जाए। यह कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। यहाँ युवाओं को कृषि की वैज्ञानिक पद्धति का प्रशिक्षण देकर उन्हे स्थानीय स्तर पर रोजगार दिया जा सकता है। नर्मदा उद्गम नगरी अमरकंटक से एसी बसों द्वारा नर्मदा परिक्रमा की सुविधा उपलब्ध करवाया जाए। बरगद राजकीय वृक्ष है। अभी तक यह केवल डायरी और दीवारों तक सीमित है।प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों, विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावासों, पंचायत भवनो, धार्मिक स्थलों और श्मशान घाट में बरगद को आवश्यक और सुरक्षित रुप से लगाया जाए। इससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। जल संरक्षण के लिये सभी शासकीय और सार्वजनिक भवनों में इसी बारिश से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य किया जाए। अनूपपुर जिले मे फूड प्रोसेसिंग उद्योग को बढावा दें। प्रदेश के सभी संविदा कर्मचारियों को नियमित करें। यहाँ यह विशेष उल्लेखनीय है कि श्री द्विवेदी ने बजट के माध्यम से ऐसे विषयों की ओर सरकार का ध्यानाकर्षण किया है, जिस पर या तो पूर्व में सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया है या प्रदेश के लिये अत्यावश्यक हैं। संविदा कर्मियों को नियमित करने के लिये भाजपा और कांग्रेस सरकार द्वारा घोषणा करने और फिर इस हेतु कुछ कदम उठाए जाने के बाद भी नियमित नहीं किया गया है। दूसरे सभी कार्यालयों और सार्वजनिक परिसरों में बरगद का पौधा लगाने और वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य करने से पर्यावरण जल संरक्षण में मदद मिलेगी।

